मूल्य रु. ५-००

# श्री स्वामिनारायण

मासिक

प्रकाशन दिनांक प्रत्येक महिने की ११ तारीख • पूर्ण अंक १९५ • अक्टुबर -२०२३



झलझीलणी एकादशी

प्रकाशक : श्री स्वामिनारायण मंदिर अहमदाबाद-३८०००१. Publisher: Shree Swaminarayan Temple, Ahmedabad- 380001




चेरीहिल (अमेरिका) मंदिर में प.पू. बिंदुराजा के पास से राखी बंधवाते और सभा में आशीर्वाद देते प.पू. आचार्य महाराजश्री।



बोस्टन (अमेरिका) मंदिर में ठाकुरजी का षोडशोपचार करते प.पू. आचार्य महाराजश्री।



कोलोनिया (अमेरिका) मंदिर में ठाकुरजीकी आरती करते प.पू. आचार्य महाराजश्री।




सुरत में ठाकुरजी की आरती करते और श्री नरनारायणदेव युवक मंडल के शिबिर में आशीर्वाद देते प.पू. लालजी महाराजश्री।






संस्थापक

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्युजियम
नारायणपुरा, अहमदाबाद.
फोन : २७४९९५९७ ● फोक्स : २७४१९५९७
www.swaminarayanmuseum.com

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी
आज्ञा से
तंत्रीश्री
स.गु. शास्त्री स्वामी पुरुषोत्तमप्रकाशदासजी
( महंत स्वामी )
मो. ९३१३७१९२३२

पत्र व्यवहार

श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
मो. ९३१३७०६०९५
magazine@swaminarayan.in
www.swaminarayan.info
पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in


# श्री स्वामिनारायण


श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र





वर्ष - १७ ● अंक : १९५ ● अक्टुबर-२०२३


## अ नु क्र म णि का


०१. अस्मदीयम् ०४

०२. प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री,
प.पू. लालजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा ०५

०३. संतानो के नाम के नियम ०६

०४. प.पू. आचार्य महाराजश्री के मुख से अमृत बचन ०८

०५. माता-पिता की सेवा १२

०६. पानसर १३

०७. श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से १४

०८. भक्ति सुधा १५

०९. सत्संग समाचार १७

# अस्मदीयम्

हमें प्रतिदिन चिंतन करना है कि ''मैं आत्मा हूँ और जो साक्षात् भगवान मिले है वे परमात्मा है'' । मैं यह शरीर नहीं हूँ इस तरह का विश्वास आये तो समझे ज्ञान का उदय हो रहा है । ज्ञान से अंधकार दूर होता है । लेकिन इस ज्ञान के साथ भक्ति और वैराग्य जुडी हो ।

केवल ज्ञान सूक्ष्म अहंकार पैदा करता है । केवल भक्ति ही नही अच्छे ज्ञान के साथ भक्ति उत्तम होती है । भक्ति अर्थात क्या ? परमात्मा के साथ अनन्य जुडाव । परम प्रेम, निःस्वार्थ स्नेह ही भक्ति है । ''मै'' के स्थान पर 'हरि' केन्द्र में रहे । तो समझ ले की भक्ति आ गयी है । हमें परीश्रम करते रहना चाहिए कि हमे अपने कुल पुत्र और विषय में रस है या महाराज के प्रति प्रेम है ?

भक्ति करने के लिये कई बातो पर ध्यान देना चाहिए । देखा-देखी या किसी को दिखाने के लिये भक्ति नही की जाती है । किसी लालच या माँग के लिये भक्ति का सहारा तो नही लिया गया है ।

भक्ति में प्रतिदिन वृद्धि होनी चाहिए । इसके लिये सत्संग करते रहना चाहिए । भक्ति से हमारा हृदय निर्मल होता है । इससे शांति और आनंद मिलता है । लेकिन सभी विषयो में महाराज की प्रधानता रहनी चाहिए ।

दिवाली तथा उत्सवो के दिन आ रहे है । नरनारायणदेव और पूज्य आचार्य महाराजश्री का आशीर्वाद हमेशा प्राप्त होता रहे । ऐसी प्रार्थना ।

संपादकश्री (महंत स्वामी)
शास्त्री स्वामी पुरुषोतमप्रकाशदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण



श्री स्वामिनारायण

## प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री कार्यक्रम की रुपरेखा (सितम्बर-२०२३)

३ सिंधुभवन ( बोडकदेव, शिलज, सायन्स सीटी अने शिलज विस्तार ) मे आयोजीत पारायण के अवसर पर पधारना।

५थी१५ श्री स्वामिनारायण मंदिर बोल्टन ( यु.के. ) स्वर्ण जयंती पाटोत्सव ( ५० वाँ पाटोत्सव ) के अवसर पर पधराना। वहाँ से श्री स्वामिनारायण मंदिर सिनेमेन्सन ( अमेरिका ) पधारना। वहाँ से श्री स्वामिनारायण मंदिर बोस्टन ( अमेरिका ) पधारना।

१९ भुज ( कच्छ ) प.भ. श्री लक्ष्मणभाई भीमजी राघवाणी ( बलदीया-कच्छ ) समाचार लेने के लिये पधराना।

२६ श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर जलझीलणी एकादशी को श्री गणपतिजी के वरघोडा पर पधारना।

२९ श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर में प्रति माह आयोजित पून सभा में पधारना।



## प.पू. लालजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(सितम्बर-२०२३)

२ सिंधुभवन ( बोडकदेव, शिलज, सायन्स सीटी अने शिलज विस्तार ) मे आयोजीत पारायण के अवसर पर पधारना।

५थी१० श्री स्वामिनारायण मंदिर बोल्टन ( यु.के. ) स्वर्ण जयंती पाटोत्सव अवसर पर पधारना।

१३ अ.नि. स.गु. शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी के गुणानुंवाद सभा में पधारना अहमदावाद श्री स्वामिनारायण मंदिर।

२३ सुरत श्री नरनारायणदेव युवक मंडल आयोजीत शिबिर में पधारना।

२६ श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर जलझीलणी एकादशी को श्रीगणपतिजी का वरघोडा के अवसर पर नारणघाट पर पधारना।

२९ श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर में प्रति माह आयोजित पून सभा में पधारना।

# संतानो के नाम के नियम

– साधु पुरषोत्तमप्रकाशदास ( जेतलपुरधाम )

आज हम बच्चो के नामकरण के उपर बात करेगे । अपने पुराण और शास्त्रो के सिद्धान्त अनुसार बालक का जन्म होने के बाद उसका नामकरण विधि सोलह संस्कारो में एक माना जाता है । यह एक पवित्र संस्कार है । इस अवसर पर विद्वान ब्राह्मण को बुलाकर शास्त्र अनुसार देवताओ की पूजा करके बालक के जन्म का समय, स्थिति नक्षत्र, राशि, ग्रह, सूर्य, चंद्र, तिथि, वार, घडी, स्थान, माता-पिता का कुल गोत्र वर्ण सभी का संकलन करके उसकी राशि तथा लग्न निश्चित किया जाता है । इस पर राशी का अक्षर जातक का नाम परिवार के बडे लोगो के द्वारा आपसी सहमति से प्रिय नाम रखा जाता है । उसमें गुरु औऱ पुरोहित की अनुमति ली जाती है । साथ ही साथ जातक की माँ उपनाम भी रखती है । जातक के नाम के साथ उसके पूर्व जन्म के संचित प्रारब्ध तथा उसके संस्कार कुल, गोत्र, देश, वर्ण, ज्ञाति के रिवाज भी लक्ष्य में रखते है । नाम और रुप एक दूसरे के पहचान होते है । 'नाम' गुण और रुप को बताता है । जातक के 'नाम' में उसकी शक्ति सामर्थ्य कर्म और धर्म जुडा रहता है । जातक के नाम में जनम-जन्मान्तर की छिपी पहचानह होती है । इस लिये जातक का नाम काल्पनिक एवम् मनस्वी रुप में नही रखना चाहिए । नाम रखने की व्यवस्था अपने धर्मशास्त्रो में जो कही गई है । यहि जातक कन्या हो तो ? उसका नाम नदियो ( सरिता ) के नाम राशिका रखना चाहिए । हमारे देश में ९९९ नदियो प्रवाहित अवस्था में है । उन नदियो के नाम में से लग्न और राशि के अक्षर के साथ शब्द संख्या के साथ मिलाकर परिवार के बडे लोग नामकरण करते है । जैसे, गंगा, यमुना, सरस्वती, नर्मदा, काबेरी, कृष्णा, गोदावरी, क्षिप्रा, तापी, साबरमती, मही, सिन्धु, कृष्ण, ब्रह्मपुत्र, अलंकनंदा, काली, भागीरथी, बनास, भादर, अंबिका, महा, झेलम, कोशी, व्याला, बैतरणी, तुंगभद्रा, मांडली, मलेलस, सरयू, मनोरमा, रुपेण इत्यादि है । ब्रह्मपुराण में सभी नदियों का नाम वर्णित है । सनातन धर्म में हिन्दु परम्परा के अनुसार देवी शक्ति जगदम्बा के जितने भी अवतार हुए है । ये भी नदियो के नाम ही है । इस प्रकार कन्या का नाम को इसी आधार पर रखना चाहिए । भले आप विदेश या नये जमाने के हो । नाम में अनंतशक्ति होती है । जिस नदी के नाम का चयन करेगे उसका ऐश्वर्य पुण्य, आदि पुत्री के जीवन में अवश्य आयेगी ।

जातक यदि पुत्र हो तो उसका नाम देव, नक्षत्र, दिग्पाल तथा परमब्रह्म परमात्मा के १०८ तथा १००८ सहस्त्र नामावली में से राशि के उपर रखा जाता है । पुराण-शास्त्र, जनमंगल नामावली में से जो प्रिय हो वह नाम रख सकते है । इसमें से छोटे-बडे नाम को चयन कर सकते है । आज तक अपने पूर्वज भगवान के उपर ही नाम रखते रहे है । अपने पूर्वजो के नाम पर भी नाम रखा जा सकता है । धर्मनंदन, भक्तिनंदन, यशोदानंदन, नंदनंदन, रघुनंदन, कौशल्यानंदन इत्यादि । पूर्व अवतारो के नाम भी शास्त्र में लिखे गये है ।

घर के परिवारवाले, सगे-सम्बन्धि, देव-देवियो, भगवानके नाम पुत्र-पुत्री के नाम का जप कते है । निश्चय माध्यम पुत्र एवम् पुत्री ही हो लेकिन सम्बंध भगवान देव देवियो के साथ है । मनुष्य के पूर्व जन्म के पाप भगवान

का नाम लेने से आसानी से कह जाता है। यह भक्ति घर में ही हो जाती है। घर पवित्र हो जाता है। काया निर्मल हो जाती है। मन सफल हो जाता है। वर्तमान कलियुग में यह सद्गुण कहा जायेगा। केवल नाम जप से इस युग में मनुष्य पाप से मुक्त हो जाता है। आप देखे हमारे पूर्वज कितने बुद्धिशाली थे।

श्रीमद् भागवत के छठवे स्कंध में अजामिल नामक विप्र की कथा भगवान वेदव्यास नारायणने लिखा है। अजामिल के छोटे पुत्र का नाम "नारायण" था। उससे वह अधिक प्रेम करते थे। जब वे अठ्ठासी वर्ष के हुए तो उनके पास यराज के दूत प्राण लेने आये। कर्म के लेख अनुसार यमराज के दूतो को देखकर डर गये। नारायण-नारायण ऐसा कहकर अपनी सुरक्षा चाहते थे। क्योकि वह अपने पुत्र को बचाने के लिये पुकार रहे थे। वहाँ से भगवान के पार्षद आकर अजामिल की यमदूतो की फाँस से रक्षा किये। उनको जीवनदान दिये। उन्हे वैराग्य उत्पन्न हुआ। शेष जीवन "नारायण" "नारायण" नाम का जप करके मुक्ति प्राप्त किये थे। घर पर बैठकर पाप मुक्त होने का उत्तम उपाय यह है। इस प्रकार जातक कन्या नदी के नाम पर होने पर इकहत्तर पीढियों का कल्याण करती है। हम जब भगवान का षोडशोपचार करते है तो उसमें नदियो का जल अवश्य रखते है। उस समय भूदेव कलश में नाम जप करके गंगा, यमुना, सरस्वती, गोदावरी आदि नदियो का आहवाहन करते है। पूरे पूजा स्थल शरीर पूजा के सामान को विष्णुरुप बना देते है।

भूतकाल में यदि भूल हुई हो तो इस बात को अवश्य याद रखे। यदि आप कर सकते है तो पुत्र-पुत्री का नामकरण उपर लिखित तथ्य को ध्यान दे। आप के पूर्वज देवी-देवता खुश होगे। और संसार में सफलता मिलेगी। इसमें शंका नही है। यदि श्रद्धा है तो दूसरो को अवश्य यह बात बताये। उसका भी अच्छा होगा। शास्त्रो का सिद्धान्त है। नाम-स्वरुप एक ही है। नाम अजर-अमर होता है। पूर्वजो का नाम लेकर उनके सत्कर्म फल का संकल्प मात्र से अर्पण किया जाता है।

## दीपोत्सव कार्यक्रम

**चोपडा खरीदने हेतु :** आश्विन कृष्ण पक्ष-८ रविवार दि. ०५-११-२०२३ को पुष्य नक्षत्र होने से हिसाब लिखने के रजिस्टर खरीदने का मुहूर्त अच्छा है।

**धनतरेस :** आश्विन कृष्ण पक्ष-१३ शनिवार दि. ११-११-२०२३ धनतेरस महालक्ष्मी पूजन।

**काली चौदश :** आश्विन कृष्ण पक्ष-१४ रविवार दि. १२-११-२०२३ श्री हनुमानजी महाराज का पूजन दोपहर ११-३० बजे, समूह शारदापूजन-चोपडा पूजन सायंकाल ७-०० बजे अमदावाद कालुपुर मंदिर के सभा मंडप में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के करकमलो द्वारा विधिवत रुप से पूर्ण किया जायेगा।

**दीपावली :** आश्विन कृष्ण पक्ष-३० सोमवार दि. १३-११-२०२३

**नूतन वर्ष :** कार्तिक शुक्ल पक्ष-१ मंगलवार दि. १४-११-२०२३

**मंगला आरती प्रातः ५-00 बजे।**
**श्रृंगार आरती प्रातः ६-३0 बजे।**
**गोवर्धन पूजा प्रातः ८-00।**
**राजभोग आरती प्रातः १0-१0 बजे।**
**अन्नकूट दर्शन दोपहर १0-00 बजे से ३-३0 बजे तक।**

श्रीहरि के ६ठे, ७ वें तथा ८ वें वंशज के हाथों से संपन्न होगा। नूतन वर्ष को प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री कालुपुर मंदिर में अपनी आफिस में सभी को दर्शन देंगे।

**सूचना :** समूह शारदा पूजन में लाभ लेने वाले भक्त अपनी बही लाल कलर में कपड़े में पता-फोन-मोबाईल नंबर लिखकर मंदिर की आफिस में ५००/- रुपये भरकर रसीद प्राप्त करलें।

## प.पू. आचार्य महाराजश्री के मुख से

# अमृत बचन

- संकलन : गोरधनभाई वी. सीतापरा ( हीरावाडी-बापुनगर )

**श्री स्वामिनारायण मंदिर एप्रोच (बापुनगर) समूह महापूजा के अवसर पर दि. २०-८-2023 : महापूजा की महिमा कहे उतना कम है ।** मनुष्य का मन चंचल होता है । हम प्रातः जो दैनिक पूजा करते है । तो माला फेरते समय मन कही और चला जाता है । ऐसा होता है न ? सभी को होता है । मुझे भी होता है । मुझे लगता है आप लोगो से आज मिलना है । देव का दर्शन करने अना है ।यही जो कमी रही जाती है । वह महापूजा से पूरी होती है । महाराज अपने आश्रितो को वर्ष में एकबार या कई बार महापूजा करने का आदेश दिये है । आप सभी को धन्यवाद । महाराज आप सभी पर कृपा करे ऐसी प्रार्थना ।



बापजी सदैव कहते है, आप भी सभा में सुने होगे । वजन बढ़ना नही चाहिए । भजन घटना नही चाहिए । इस लिये हमने वजन कम किया है । बात इस लिये कह रहा हूँ मैं रसोई घर में देखकर आया हूँ । आपके लिये लड्डू तैयार है । खाईयेगा लेकिन पित्त नही बनना चाहिए । महंत स्वामी से बोले कि सब्जी में तेल अधिक है । सब्जी में तेल है कि सब्जी ही तेल है ।

हम इस मंदिर से सुख प्राप्त कर रहे है । बहनो के लिये सुंदर मंदिर है । अब जब अपने ही भाई-बहन, बच्चे-बच्चियाँ नये निकोल क्षेत्र में रहने गये है । उस तरफ काफी समय से मंदिर के लिये संकल्प बना था । क्योकि जो सुख हम सभी ले रहे है वह सुख सबको मिलना चाहिए । यह विचार ही कर सकता है । पुरानी कहावत है कि पशु कभी भला नही करता है । स्वयं घास चर कर आ जाता है । वह दूसरे केलिये घास-चारा नही लाता है । मनुष्य अपने लिये भी करता है । और दूसरे के लिये भी करता है । निकोल के लिये भी विचार था । वह उत्साह हम आज देख रहे है । महाराज नंद संतो को आज्ञा देते थे । मनुष्य का भला करके आना मनुष्य नही मिले तो वृक्ष का भला करना । जिससे जीव का भला होगा । किसी का भला हो । ऐसी सोच रखनी चाहिए । उसे प्रभावी जीव चाहिए । यह समप्रदाय की नींव है । तभी टीका चंदन का लाभ प्राप्त होगा । टीका लगाकर किसी का अहित करे तो टीका लगाने का क्या अर्थ है ? हम किसी का भला सोचे । गुणयुक्त वृद्धि रखे । तो महाराज के सिद्धान्त की वृद्धि होगी ।

महाराजने नव मंदिर बनवाये थे । महाराज कहे है कि त्याग का पक्ष बडा करके उपासना करना अच्छा है । हमने ये मंदिर बनवाये है । यह एक बड़ा कथन है । इससे पूर्व किसी ने यह कथन नही कहा है । यही महराजा की सर्वश्रेष्ठता है । कर्म शक्ति मंदिर के रजत जयंती महोत्सव में एक वृद्ध खडे हुए । बोले हमें इतनी सेवा करना है । कहाँ पर करुं ? पूरे गाँव की सेवा करते है तो निकोल में ही प्रयोग करे । कहावत है कि ''घर का बच्चा भूखा रहे और उपाध्याय जी को आटा दे ।'' सर्व प्रथम बच्चो का हित करे । बाद में दूसरे का हित करे । शेष मंदिर में संकल्प कर दे । जहाँ जमीन

सम्पादित हो गयी है । वहाँ के वृद्धो के मध्य मैं बैठा था । वह वृद्ध तैयारी दिखा रहे है । यह अत्यधिक अद्‌भूत है । अपने जगह निश्चित हो गयी हो । काम भी चल रहा हो । वह जगह मंदिर हेतु देना त्याग की बात है । यह अपने सम्प्रदाय की विशेषता रही है । संतो के साथ हरिभक्तो का भी त्याग है । हम गाँव-विदेश में जाते है । तो गुण गान होता है । महाराजश्री और संत लोग पधारे है । दूसरे के लिये अपनी सुविधा छोडना यह अतिशय त्याग का लक्षण है । अपने जीवन शैली से समाधान कर लेते है । समय का त्याग, पैसा का त्याग, मन, बुद्धि, हृदय की भावना यह हमें इस सम्प्रदाय में मिली है । यह गुण हमारे अंदर आये है । दूसरी जगहो पर यह दिखाई नही देता है । दूसरी जगह पर ले-ले होता है । महाराज स्वयं तपस्या किये है । वनविचरण करके हम सभी को बताये है कि जो छोडेगा वही प्राप्त करेगा । यह एक बड़ी बात है । यह अपने सम्प्रदाय मेंदिखाई देता है । कोई छोडना चाहता है ? आप ही सोचे । एक इंच जगह के लिये हत्या कर देते है । थे हरिभक्त धन्य है जो भूदान करते है।

यहाँ आने पर एक संकल्प आया । मुझे नही हुआ । महाराजने प्रेरणा दी है कि निकोल नूतन मंदिर में बीच में घनश्याम महाराज तथा उनके दोनो तरफ नरनारायणदेव और लक्ष्मीनारायणदेव प्रतिष्ठित किये जाये । भगवान में भेद नही है । यह सत्य कह रहा हूँ । भगवान में जिसने भेद किया है । उससे तो राक्षस भी अच्छे है । उससे गंद्रा कोई व्यक्ति नही हो सकता है । भगवान में भेद करने वाला कौन ? हमारे पास भगवान में भेद करने की क्षमता है ? आप सोचे जो महाराजने नरनारायणदेव की प्रतिष्ठा किये है । कई लोग नरनारायणदेव को मेरा... सभी हमारे ही है । कोई तो बोलता होगा कि कोबा सर्कल के सभी अपने हरिभक्त है । वहाँ पर हमने कहाँ हमें गोपीनाथजी की प्रतिष्ठा करना है । भगवान जैसा भगवान बैठे है, राजा का होकर कंगाल रहे ? संकल्प करने से क्या नहि हो सकता है । हम लोग किसके कारण से सुखी है ? भगवान मिले है इस लिये । यदि ये भगवान नही मिले होते तो हम किसी को कोने में हल चलाते होते । या कही पर दैनिक मजदूरी करते होते ।

खेत की सिंचाई करने वाले को ज्ञात होता है कि सूखे क्षेत्र में कैसे नाली बनाकर पानी ले जाते है । इसी प्रकार मेरे भी सिद्धान्त है कि नरनारयणदेव के कोठार में जो धन आता है । उसका उपयोग कहाँ पर करना है । यह देव हित में उपयोग किया जाता है । आप जो देते है । वह आप की सुविधा हेतु प्रयोग में लाया जाता है । कही खराब जगह नही प्रयोग होता है । छपैया अभी जो लोग जाकर आये होगे । वह अवश्य देखे होगे । यह कैसे हुआ ? मंदिर के कोठार से दिया गया था । शेष हरिभक्तो ने विशेष सेवा लिखवाये है । अहमदाबाद का भी कार्य होगा । पार्किंग की सुविधा भी होगी । ट्रेफिक परेशानी नही होगी ? सब कुछ देव के बल से ही होगा । भगवान के स्वाभिमान से कहता हूँ । यह सब अच्छे से भजन हो इस लिये होगा । मुझे इसमें रस है । जो देव का है । और जो देव है उसमें भेद नही है । वह

**अहमदाबाद देश के हरि मंदिरो के लिये अन्नकूट**

प.पू. लालजी महाराजश्री के आज्ञा से अहमदाबाद देश के गाँव तथा शहर के कोई भी हरि मंदिर में दिवाली, नववर्ष के लिये यदि अन्नकूट बनवाना हो तो अपने कालुपुर श्री स्वामिनारायण मंदिर द्वारा बनाया जायेगा । जिस हरिभक्त को जरुरत है । वह निम्नलिखित नम्बर पर सम्पर्क करके पंजीकृत हो सकता है।

सम्पर्क : कालुपुर मंदिर कोठार कार्यालय

कोठारी बालु स्वामी : ९४२७०७०३७१ ● सुरेशभाई पटेल : ९१७३०८९०३०

नरनारायणदेव का होना चाहिए । गोपीनाथजी महाराजश्री का हो, लक्ष्मीनारायणदेव का हो । देव के लिये मै खडा हूँ यह सत्य है। यह बल आप देते है। और देते रहे । हम भगवान के होकर रहेगे तो निश्चित रहेगे । यह मैं भगवान के बल से बोल रहा हूँ। मेरा बल कुछ भी नही है। बच्चे विदेश जाते है। उन्हे भी मंत्र देते है। कि भगवान का बनकर रहना है।

निकोल में मंदिर के लिये आप सभी सहयोग दे रहे है। पाँच अंक का धन दे यह आवश्यक नही है। जिसकी जो इच्छा हो वही लिखवाये। अब तो रुपया की प्रधानता हुई है। पहले रुपया कहा था ? तब हरि भक्त श्रमदान करते थे। लोग दो दिन से लेकर दो महा की सेवा देते थे। कोई पत्थर लाता था । कोई गारा बनाता था । नंद संत भी श्रमदान देते थे । इस प्रकार मंदिर बने है। हृदय के एक-एक घडकन और भावना से बने है। संसार में कई मंदिर चूना-ईटा से बने है। वहाँ पर आज कौवे उड रहे है। कभी नजर डालियेगा। मंदिर का एक शिखर बनाना छोटी बात नहीं है । कुछ बाते जग जाहिर नही होती है । पत्र से या शास्त्रो से ज्ञात होता है। आनंदानंद स्वामी मंदिर के उपर चढकर शिखर का काम करवाते थे । महाराज काम की चिंता अधिक करते थे । आनंदानंद स्वामीने देखा कि मजदूर थक गये है। काम मन से नही कर रहे है। स्वामीने तिरछी नजर रख दी इससे महाराज थोडा हँस दिये। स्वामी नीचे उतर गये । और पूछे क्यो हँसे ? महारजा बोले आप को देखकर हँसे है। लेकिन क्यो ? बोले ये सभी भी मानव है। भूख लगने पर थकान लग जाती है। आप शक्तिशाली होकर कम में समाप्त कर दिये। इस प्रकार स्वामी तो राज परिवार के थे। यह सुनकर स्वामी भी हँस दिये। इस प्रकार स्वामी तो राज परिवार से आये थे। वह गुस्से को नियन्त्रण में रखे थे । इस प्रकार छोटी-छोटी बातो से बहुत कुछ सीख सकते है।

भगवान और मंदिर को सम्भाल कर रखे । तोडकर सोने की परत लगाना आवश्यक नही है। किसी के पास यदि अधिक धन आ जाता है तो क्या वह अपने पिता को सोने से ढक देता है । भगवान तो भगवान तो भगवान है। हमारे लिये वह सोना है। भगवान के लिये वह द्रव्य ही है। हम मंदिर के लिये और अपनी सुविधा के लिये करते है। दिखावा नही करना है। मंदिर होने पर कल दो लोग संस्कार प्राप्त करेगे । किसी परिवार के जीवन में भगवान आयेगे । जीवन बदलेगा । तो ५० करोड खर्च सार्थक बनेगा। करोडो रुपया न्योछावर है।

महापूजा के पीछे १५-२० बच्चे बैठे देखे थे। दिल को आनंद मिला । आप और आप के वृद्धोने यह कृत्य किया है । यह सत्य कह रहा हूँ । बडे लोग तो बच्चो की अंगुली पकडकर मंदिर की सीढीयाँ चढते है । यह दृश्य देखकर मन खुश हो जाता है। इसके लिये शब्द कम है। यह मै हृदय से कह रहा हूँ। अंततः सब कुछ इन्ही पीढियो के लिये कर रहे है। संसार में लोग श्रमक रते है। किसके लिये ? उनके बच्चे-बच्चियो सुखी हो । बच्चो को प्रेरणा दे । सलाह दे । शेष देव के उपर छोड दे । नूतन मंदिर के लिये

**सम्प्रदाय के गौरव**

अपने अहमदाबाद श्री नरनारायणदेव देश के देवपुरा ( खाखरिया ) गाँव के श्री नरनारायणदेव और धर्मकुल के निष्ठावान हरिभक्त प.भ. जतीनभाई झवेरभाई पटेल को अहमदाबाद नगर निगम में उप मेयर के पद पर नियुक्त किया गया है। इनकी लगातार प्रगति तथा आप सामाजिक कर्म करके प्रशंसा प्राप्त करे । ऐसी प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री और प.पू. बड़े महाराजश्री श्री नरनारायणदेव के चरणो में प्रार्थना करते है।

आँकडा बोला जाये यह आवश्यक नही है । सहयोग आवश्यक है । दस रुपये देने पर भी अपनापन लगेगा । यदि हम नया पंखा लाते है । यदि वह मंद गति से चले तो तुरंत गारंटी कार्ड खोजते है । यह सही बात है । अपने कालुपुर मंदिर के राधाकृष्णदेव के आगे का स्तम्भ का इतिहास आप सभी को ज्ञात ही है । एक हरिभक्त ने विचार किया कि चौरासी लाख योनि में कितनी बार बैल बने है। इस बार तो भगवान मिले है । तो भगवान के कार्य के लिये क्यो नही बैल बनू ? यह विचार कर किसान ने बैल का कार्य किया था । पीछे चोट लग गयी थी । रक्त निकल रहा था । नंद संतोने दवा-मलहम लगाकर यही बाँधे थे । इस प्रकार के सर्मपण का भाव आये तो बडी बात है । इसी के उपर सम्प्रदाय का आधार है । नींव भी है । इस संस्कार के साथ हम लोग जीवन व्यतीत करते है।

हम लोगो जैसा भाग्यशाली इस संसार में कोई नही है । बडे से बडा भगवान ऐसे भगवान हम सब को मिले है । हरि को भजते सभी बडे बने । तथा सेवा करें । हमको नही ले जाना है । आप का है । आप को सुरक्षित रखना है । किसी को तनाव नही रखना है । समय पर कर दे । नही तो रोना रोया करते है । शक्ति अनुसार ही दे । शक्ति से कम नही दे । यह महाराज ने कहा हा है । मैं नही कह रहा हूँ।

अंत में धर्मादा की बात है । शिक्षापत्री में धर्मादा की बाते की गई है । इस आज्ञा का का अनादर आचार्य भी नही कर सकते है । यहाँ नही यहाँ दे इस तरह का व्यवहार अच्छा नही है । यहाँ पर सब देव के लिये होता है । दस्तावेज देव का है । अमेरिका, आस्ट्रेलिया, कनाडा इत्यादि देशो में जहाँ पर देव का मंदिर है । वहाँ पर भक्त धर्मादा देते है। कोई परेशानी नही है । यहाँ पर दे । यह पूछने मत आये । निकोल नूतन मंदिर का दस्तावेज नरनारायणदेव का है । इसमे कुछ गलत नही है । मैं इसे बदल नही सकता हूँ । मेरे पिता बापजी भी नही बदल सकते है । सात पीढी में कोई बदल नही सकता है । जो परिवर्तन कर सकती है । वेये महिलाये कर सकती है । संत महिला हो या आप ही इनसे आप सुरक्षित रहे । यह सही कर रहे है । धर्मादा के पश्चात आप का मन जो कहे वहाँ पर दे । महाराजने कहा है कि मेरी वाणी ही मेरा स्वरुप है । यदि स्वरुप का उल्लंधन करेगे तो भगवान को नही स्वीकार रहे है । मंदिर के लिये सभी एकत्र हुए है । महाराज के आज्ञानुसार मैने बात की थी । कि देव का है । मंदिर बनाने के लिये देव को दे । हम ईधर-उधर खर्च नही करते है।

भगवान के दर्शन से आनंद प्राप्त होता है । भक्तो के दर्शन से आनंद प्राप्त होता है । मै आते ही आप लोगो का हाथ जोडकर दर्शन किया है । बैठने से पूर्व एकबार सभा को देख लू । सहजानंद स्वामी की जय, नरनारायणदेव की जय, लक्ष्मीनारायणदेव की जय, महाराज भगवान अपने है । जब भी जय स्वामिनारायण ।

## आश्विन सुद-१५ के ग्रहण पालन हेतु

**दि. २८/२९-१०-२०२३ के दिन आश्विन सुद-१५ के दिन चन्द्र ग्रहण है । यह खंडग्रास चन्द्रग्रहण एशिया, पूर्व अमेरिका युरोप, आफ्रिका तथा पूरे भारत में दिखाई देगा । धार्मिक दृष्टि से इस ग्रहण का प्रभाव पावन करना चाहिए ।**

**अहमदाबाद के स्थानीय समयानुसार ग्रहण का प्रभाव दि. २८-१०-२०२३ तो दोपहर १५ बजकर १३ मिनट ३९ सेकन्ड और बालक, बृद्ध अशक्त के लिये १९ बजे ३८ मिनट १६ सेकन्ड पर प्रभाव रहेगा । चंद्र का उदय १७.५६ पर होगा ।**

**दि. २९-१०-२०२३ स्पर्श रात्रि १:०५ मिनट, तथा १:४४ मिनट पर मोक्ष रात्रि २:२२ पर होगा ।**

# माता-पिता की सेवा

- एक हरिभक्त

हम सभी समाचार पत्र में और मीडिया में प्राय: आता है कि अपनी ही संतान वृद्ध माता-पिता को घर से बाहर निकाल देते है। मार-पीट भी करते है। कष्ट भी देते है। अरे ! माता-पिता अपने संतान से छुटकारा प्राप्त करने के लिये नियम ( कानून ) का संहारा लेते है । कारण वृद्ध माता-पिता कार्य करने में सक्षम नही रहते है । वे अब रुकावट लगते है। जब बच्चे छोटे थे तो क्या कार्य करते थे ? फिर भी माँ-बाप कितना प्यार करते थे । अब वे प्रेम से बालक पालन नही कर पा रहे है ?

अभी एक वैष्णव मित्र की बहू से वार्तालाप हुआ । ''मीना'' अब तो तुम्हारे माता-पिता ( सासु-ससरा ) लगभग ९० वर्ष के हो गये होगे। दोनो का फ्रेक्चर हो गया है। वे लोग बिस्तर पर रहते है। तो तुम्हे तो कष्ट होगा ?''

मीनाने कहा ''आप सत्संगी होकर कैसी बात कर रहे है ?''

''मैं तो ऐसा मानती हूँ कि मेरे कृष्ण परमात्मा मेरी सेवा स्वीकार करने के लिये माता-पिता स्वरुप में आये है।

''इस समय कृष्ण मोर पंख और कस्तुरी लेकर हमारी सेवा लेने नही आ सकते है । समझे ? मुझे सेवा का अवसर मिला है। मीणा की यह उत्तम समझदारी है।

हम लोगो को महाराज शिक्षापत्री के गृहस्थो के लिये पाँचवे श्लोक में ( शि. श्लोक-१३९ ) में कहे है। मामकै: अर्थात् जो मेरा है। हमे अपना मानता है। उसे अपने माता-पिता, गुरु और रोग ग्रस्त मनुष्य की जीवन पर्यन्त सेवा करने की आज्ञा दिये है।

एक गृहस्थ युवक से बात हुई । ''मंगला आरती में आते तो'' ? युवक ने कहा माता-पिता की सेवा करना। उनके पास बैठना यह मंगला आरती ही है ?''

शेष बोले ''मंगला में आये और माता-पिता की सेवा नही करे तो। यह क्या कहा जायेगा ?

सरकार को माता-पिता की सेवा के लिये नियम बनाना पड रहा है। समाज की यह कैसी दशा है । सरकार नियम बनाने जा रही है कि पीडित माता-पिता अपने सम्पत्ति से बेटे को बेदखल कर सकते है। कई माता-पिता बच्चे भरण पोषण का अधिकार माँग रहे है।

लेकिन, हम सभी सत्संगी को महाराज की आज्ञा है कि आचार्य, संत की आवाज है कि माता-पिता के सेवा का अवसर मिले तो हम भाग्यशाली है।

**नये वर्ष का कैलेन्डर-दट्टा प्रकाशित हो गया है। शीघ्रता से ले ले।**

अहमदाबाद श्री नरनारायणदेव देश द्वारा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री और प.पू. लालजी महाराजश्री के आज्ञा और उनके द्वारा चयनित अलौकिक दर्शनीय सुंदर नये वर्ष का कैलेन्डर प्रकाशित हो गया है। अपने छोटे-बडे प्रत्येक मंदिर में इसी चित्रवाले ( कोई परिवर्तन नही ) इस मंदिर से मिलेगा। साथ में नये वर्ष का सुंदर दट्टा भी प्रकासित हो गया है। शीघ्र प्राप्त करले। मंदिर के जिन हरिभक्तो को कैलेन्डर बनाना हो। वह निम्न मोबाईल नंबर से सम्पर्क कर सकते है।

कालुपुर मंदिर - कोठार कार्यालय
बालु स्वामी मो. : ९४२७०७०३७१
सुरेशभाई मो. : ९१७३०८९०३०
जैमीनभाई मो. : ७९९०५१९४७८
कैलेन्डर का मूल्य रु।. ८-०० मंदिर के लिये

नरनारायण युवक मंडल
विपुलभाई मो. : ९७२५४४९२८८
प्रयागभाई मो. : ९४२९०६७४८४
विज्ञापन के लिये मूल्य रु।. १०-००

## श्री स्वामिनारायण भगवान के चरण पावन प्रसादी के गाँव

# पानसर



- अहमदाबाद कालुपुर मंदिर से सडक द्वारा १ घंटे १० मिनट
- अहमदाबाद विमान अड्डे से ५० मिनट

उत्तर गुजरात में कलोल के पास पासनर गाँव स्थित है। यहाँ पर सुंदर हरि मंदिर है। श्रीजी महाराज के प्रसादी का गाँव है । सर्वावतारी श्री स्वामिनारायण भगवान दंढाव्य देश के गाँव में विचरण करते हुए । वडु गाँव से हरिभक्तो को आनंद देते हुए । तथा मुमुक्षुओ को दर्शन देते हुए । पानसर गाँव आये थे । श्रीहरि का दर्शन करने के लिये लोग रास्ते के दोनो तरफ खडे होकर अभिवादन कर रहे थे। उस समय एक बैरागी बाबा भी थे । उस बैरागी बाबा को देखकर ग्राम जन बोले कि वैरागी बाबा का प्रताप श्री स्वामिनारायण भगवान में दिखाई देने लगा है । यह सुनकर बाबाने कहा कि मैं स्वामिनारायण के प्रताप को समझ लेता हूँ। इस प्रकार बाबा दौडकर ब्रह्मानंद स्वामी को देख बोला कि स्वामिनारायण आर है ? तब ब्रह्मानंद ने कहा कि स्वामिनारायण अभी पीछे आ रहे है। यह सुनकर बाबा रास्ते पर खडा रहा । सभी संत-भक्तो से पूछा कि आप स्वामिनारायण है। सभी ने उत्तर दिया कि स्वामिनारायण पीछे आ रहे है। इसके पश्चात् श्रीहरि आये। तभी बाबा ने श्री स्वामिनारायण भगवान के घोडे की लगाम पकडकर पूछा आप का नाम क्या है ? लगाम पकडते ही घोडा कूद गया। लेकिन बाबा स्वस्थ थे । वे लगाम को नही छोडे । भगवान घोडे के उपर से गिरते-गिरते बच गये। यह देखकर ५-१० पार्षद बाबा को छुडाने लगे। बाबाने घोडे की लगाम छोडी। पार्षदोने लम्बी दाढी वाले बाबा को दण्ड दिये । भगवान श्रीहरि बोले आप सभीने बाबा को कष्ट पहुचाया है। शायद मृत्य हो जाती तो इस राज्य में फाँसी होती । इससे अपना नाम खराब होता।




यह सुनकर ग्रामीणोने कहा कि हे भगवन इसमें आप का दोष नहीं है। और अंग्रेज लोग जानकार होते है। वे अन्याय नही करते है। और यह बाबा हम लोगो को प्रतिदिन गाली देता था । लेकिन बाबा समझकर हम सभी सहन करते थे। यह आज वह समझ कर आप से द्रोह करने आया था । उसे उसका फल मिल गया । ग्रामीणो से बात करके श्रीहरि वहाँ से ओला गाँव चले गये। पानसर की भूमि को महाराज पवित्र किये थे । उनके पुण्य प्रताप से आज भी पानसर गाँव में श्री नरनारायणदेव गद्दी के अर्न्तगत सुंदर श्री स्वामिनारायण मंदिर है। गाँव के भक्त गण दर्शन तथा भक्ति मार्ग अपनाकर धन्यता महसूस किये।

– शास्त्री स्वामी
नारायणवल्लभदासजी ( वडनगर )

श्री स्वामिनारायण म्युझियम

## श्री स्वामिनारायण म्युजियम के द्वार से



પ.પૂ.મોટા મહારાજશ્રી દ્વારા લેવાયેલ મ્યુઝિયમની તસવીર

## श्री स्वामिनारायण म्युजियम में पंजीकृत श्री महाविष्णुयाग की सूची-सितम्बर-२०२३

ता. ०८-०९-२०२३ प.भ.श्री रवजीभाई विरजीभाई पटेल – प्रगतिनगर – वर्त. अंकित तथा श्याम.

ता. ०९-०९-२०२३ प.भ.श्री गीरीशचंद्र मनुभाई जोषी – डांगरवा – वर्त. मुकेशभाई

ता. १०-०९-२०२३ श्री स्वामिनारायण सत्संग समाज – महेसाणा – प्रे. महंत स्वामीश्री नारायणप्रसाददासजी.

ता. १७-०९-२०२३ प.भ.श्री जयकुमार शंकरलाल पटेल – मेमनगर.

ता. १९-०९-२०२३ श्री गणपतिजीनी समूह पूजन.

ता. २६-०९-२०२३ प.भ.श्री शांतिभाई अमरशीभाई मनाणी – जीरागढ–राजकोट – प्रे. हजूरी पार्षद वनराज भगत.

## श्री स्वामिनारायण म्युजियम में पंजीकृत श्री दान-भेट की सूची-सितम्बर-२०२३

रू।. १,०१,०००/- प.भ.श्री डाह्याभाई नारायणदास पटेल परिवार ( माणसावाला ) गुरुपूर्णिमा के अवसर पर

रू।. ५१,१११/- श्री स्वामिनारायण मंदिर रणजीतगढ ( हलवद ) प्रे. पू. भक्तिहरि स्वामी

**शुभ प्रसंग पर भेंट देने के योग्य अथवा व्यक्तिगत संग्रह के लिये – श्री नरनारायणदेव की प्रतिमा वाला ५/१०/२० ग्राम चांदी का सिक्का म्युजियम में प्राप्त होता है ।**

सूचना :श्री स्वामिनारायण म्युजियम में प्रति पूनम को प.पू. मोटा महाराजश्री प्रातः ११-३० को आरती उतारते हैं ।

સંપ્રદાયમાં એક માત્ર વ્યવસ્થા શ્રી સ્વામિનારાયણ મ્યુઝિયમમાં મહાપૂજા / મહાભિષેક નોંધાવવા સંપર્ક કરો.

મ્યુઝિયમ મોબાઈલઃ- ૯૮૭૯૫૪૯૫૯૭, પ.ભ. પરષોત્તમભાઈ - દાસભાઈ (બાપુનગર) : ૯૯૨૫૦૪૨૬૮૬

www.swaminarayanmuseum.org/com • email: swaminarayanmuseum@gmail.com

# भक्तिसुधा

**(प.पू.अ.सौ. गादीवालाश्री के आशीर्वचन में से) एकादशी सत्संग सभा में (कालुपुर मंदिर हवेली) "ये कभी नही भूलना चाहिए कि हम शुध्ध ही है ।"**

**( संकलन : कोटक वर्षा नटवरलाल - घोडासर )**

हम सभी लोग जो यह सत्संग भजन जो कर रहे है। वह आने वाले जन्म की तैयारी के लिये कर रहे है। यह शरीर छोडकर दूसरी शरीर प्राप्त करने की तैयारी में है। मनुष्य मृत्यु प्राप्त करता है । उससे पूर्व कौन सी शरीर प्राप्त करेगा । यह लगभग निश्चित हो जाता है। या शरीर नही प्राप्त होगी । दूसरे जन्म की तैयारी कैसी होती है ? प्रत्येक व्यक्ति के इस जन्म के कर्मो पर आधारित होती है । हम जो कर्म करते है। उस पर से निश्चित होता है। अपने सद्‌गति होगी । या दुर्गति यह सबको ज्ञात हो जाता है। जो संसार का लगातार स्मरण करता है । वह बंधन की तैयारी करता है । संसार बंधन का कारण है । और जो सतत भगवान के नाम का स्मरण करता है। तो वह मुक्ति की तैयारी कर रहा है। जीव पृथ्वी पर जन्म लेता है। इस पृथ्वी पर बंधन में है। इस लिये वह जन्म लेता है। मुक्ति की तरफ जा सके । इस तरह के कर्म करे । इस लिये लगातार ईश्वर का स्मरण करना चाहिए । भगवान का सदैव स्मरणक रने का यह अर्थ नही है कि आप संसार से बाहर हो जाये। क्योकि ? हम सभी गृहस्थ है। तो कर्म तो करना ही पडेगा । भगवान यह नही कहे है कि लगातार मेरा ही स्मरणक रे । दूसरे अन्य कार्य को छोड दे । ऐसा भी नही करना चाहिए । प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी पूर्ण करनी चाहिए । भगवान के कृपा पात्र बने । अर्थात् हम जिस अवस्था में है । उसी में रहकर किसी जीव को कष्ट प्रदान नही करे । इस प्रकार का अच्छा जीवन व्यतीत करना चाहिए । घर में कई कार्य होते है। अलग-अलग प्रकार की जिम्मेदारीयाँ भी होती है । कोई विमार पडता है । तो उसकी सेवा भी करना पडता है। माला लेकर बैठ जाये। यह अच्छा नही लगता है । एक जीवको दुखी करके प्रभु को खुश करने जायेगे तो भगवान खुश नही होगे। कई लोग ऐसे होते है जिन्हे शास्त्र का ज्ञान नही होता है। और विद्वान भी नही होते है। लेकिन योगी-ज्ञानी की तरह श्रेष्ठ होते है। इस कलियुग के काल में माया के प्रभाव से जो हमसे जो खराब कर्म हो जाते है । उसका कारण क्या है ? हम सभी महाराज का आभार करना भूल जाते है। महाराज 'गवाह' रुप मं है। दृष्टा के रुप में है। यह भूल जाने पर ही गलत कर्म करते है। और हम जब लगातार भगवान की स्मरण करते रहते है तो इंद्रियाँ अपने आप भगवान की सेवा में लगी रहती है । उस समय हम सात्विक विचार करते है । वह कर्म इंद्रियो द्वारा अच्छा होता है । इंद्रियो को आदेश कौन देता है ? तो वह 'मन' है। और मन को आज्ञा कौन देता है। जब बुद्धि निश्चित कर लेती है तभी कोई कार्य करते है। अच्छे कार्यो से अपना चित्त शुद्ध होता है। तब ये श्रवण इंद्रियाँ संसार के प्रपंच को नही देखती है। और नही सुनती है। इस प्रकार अपने उपर कलियुग का ५०% प्रभाव कम हो जाता है। और दूसरा क्या करना है ? समर्पण वृद्धि रखकर प्रत्येक कार्य को भगवान के चरण में समर्पित कर देना चाहिए । और आगे जो कृत्य करना है। वह समझकर प्रभु को समर्पित करना चाहिए । तो हमसे गलत कार्य नही होगा ? क्योकि भगावन को जो अर्पण करेगे वह शुद्ध और सात्विक ही होगा । थाल शुद्‌ता से बनाकर रखते है। इतना तो ज्ञात ही है कि भगवान को अशुद्ध और अपवित्र वस्तु नही अर्पणक रते है। इस प्रकार कार्य भी

